कार्यालय :– प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विदिशा (म0प्र0)

–:: विविध आदेश ::–

क्रमांक ..01.... / दो–22–4 / 1990 विदिशा, दिनांक :..03.. / ..01.. / 2024

कार्यालय कलेक्टर, जिला विदिशा (म0प्र0) द्वारा मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल की अधिसूचना क्रमांक / एम–3–2 / 1999 / 1–4 भोपाल दिनांक 30.03.1999 के अनुसार सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग–2 के अनुक्रमांक–4 के नियम–8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, वर्ष–2024 हेतु आदेश क्र0 / एएससी / 2024 / 63 विदिशा दिनांक 01.01.2024 द्वारा विदिशा जिले के लिए निम्नांकित तिथियों को पूरे दिवस के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किये हैं –

क्र.	त्यौहार का नाम	दिनांक	अवकाश दिन	विवरण
01	मकर संक्रांति पर्व	15 जनवरी, 2024	सोमवार	सम्पूर्ण जिला
02	रंग पंचमी	30 मार्च, 2024	शनिवार	सम्पूर्ण जिला
03	श्री अनन्त चतुर्दशी	17 सितम्बर, 2024	मंगलवार	सम्पूर्ण जिला

माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर के पत्र क्रमांक ए / 8775 एक–7–3 / 2023 (पार्ट– I) जबलपुर, दिनांक 28.12.2023 द्वारा दिनांक 15 जनवरी, 2024 दिन सोमवार, मकर संक्रांति का पूर्व से ही सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

अतः रजिस्ट्री के पत्र क्रमांक ए / 8775 जबलपुर, दिनांक 28.12.2023 के नोट क्रमांक 05 के अंतर्गत जिला विदिशा मुख्यालय एवं वाहय तहसील न्यायालयों में दिनांक 30 मार्च, 2024 दिन शनिवार, रंग पंचमी तथा दिनांक 17 सितम्बर, 2024 दिन मंगलवार, श्री अनन्त चतुर्दशी का स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता हैं।

sd/-
(ज़ाकिर हुसैन)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
विदिशा (म0प्र0)

पृ.क्रमांक ..14...... / दो–22–4 / 1990 विदिशा, दिनांक : 03... / ..01. / 2024

प्रतिलिपिः–

(1) निज सचिव, माननीय पोर्ट फोलियो न्यायाधिपति महोदय, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ, ग्वालियर (म0प्र0)
(2) माननीय रजिस्ट्रार जनरल, महोदय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
(3) प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, विदिशा
(4) समस्त न्यायाधीशगण, विदिशा, गंजबासौदा, सिरोंज, कुरवाई, लटेरी
(5) सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विदिशा
(6) अध्यक्ष, अभिभाषक संघ, विदिशा / बासौदा / सिरोंज / कुरवाई / लटेरी की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
(7) प्रस्तुतकार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विदिशा
(8) समस्त तृतीय / चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण, विदिशा, गंजबासौदा, सिरोंज, कुरवाई, लटेरी
(9) जूनियर सिस्टम एनालिस्ट, विदिशा की ओर न्यायिक अधिकारीगण / न्यायिक कर्मचारीगण को ई–मेल करने तथा आदेश न्यायालय की वेबसाईड पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
विदिशा (म0प्र0)